कार्यालय निर्वाचन अधिकारी
भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)
नेफेड भवन, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली -110014
दूरभाष-011-26341810, ई-मेलः boardsection@nafed-india.com, वेबसाईट: Nafed-india.com

सूचना

27.04.2024

नेफेड के निदेशक-मंडल के निर्वाचन हेतु भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) की विशेष सामान्य निकाय बैठक 21, मई, 2024 (मंगलवार) को प्रातः 11.00 बजे एनसीयूआई सभागार, 3-सिरी संस्थागत क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, खेल गांव रोड, हौज खास, नई दिल्ली-110016 में आयोजित की जाएगी। नेफेड की पात्र सदस्य समितियों/संस्थानों/संगठनों से प्राप्त सूचना/प्रस्तावों के आधार पर, प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधि और संगठन का नाम अंकित करते हुए एक अस्थाई सूची तैयार की गई है, जो नेफेड के मुख्यालय, शाखाओं और वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सभी संबंधित, जिन्हें कथित सूची पर कोई आपत्ति है, से एतदद्वारा आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु 04.05.2024 तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का निवेदन किया जाता है। अन्यथा यह समझा जाएगा कि इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और यह सूची "अंतिम" मानी जाएगी। इसके पश्चात इस संबंध में आगे किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण-पूर्व दिल्ली)
निर्वाचन अधिकारी, नेफेड